# 2020 तक कार्बन मुक्त होगा हिमाचल

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने दावा किया कि 'कार्बन स्मार्ट ग्रोथ' के जरिए वर्ष 2020 तक हिमाचल प्रदेश देश में पहला राज्य हो जाएगा, जो कार्बन मुक्त होगा।

बारहवें दिल्ली सतत विकास सम्मेलन के दौरान धूमल ने कहा कि हिमाचल में प्रति व्यक्ति कार्बन 1.4 टन निर्धारित किया गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत प्रति व्यक्ति 1.57 टन है। प्रख्यात पर्यावरणविद आर के पचौरी के नेतृत्व वाले 'द इनर्जी एंड रिर्सोस इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) ने 'प्रोटैक्टिंग द ग्लोबल कामंस 20 इयर्स पोस्ट रिओ' की थीम वाले इस सम्मेलन का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और संगठनों के स्वैच्छिक योगदान के जरिए 'पर्यावरण कोष' का निर्माण किया है। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और राज्य को कार्बन मुक्त बनाने के लिए पंचायत स्तर पर कम्यूनिटी लेड एसेसमेंट, अवेयरनेस, एडवोकेसी एंड एक्शन प्रोग्राम (सीएलएपी) शुरू किया है, इसके तहत शुरुआत में राज्य की कुल 3000 पंचायतों में से 1000 को जोड़ा जाएगा।